दिनांक–15.04.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में 19 अप्रैल से एक जून तक एग्जिट पोल का प्रकाशन और प्रसारण रहेगा पूर्णतः प्रतिबंध।
- शत प्रतिशत मतदान के लिए राज्य में जारी हैं विभिन्न गतिविधियाँ।
- जबलपुर, भिंड, छिंदवाड़ा, और विदिशा समेत 12 जिलों में आज हल्की बारिश का अनुमान, भोपाल में बढेगा तापमान।
- आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को दी 20 रन से मात।

एग्जिट पोल–प्रतिबंध

प्रदेश में प्रथम चरण की मतदान तिथि 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6:30 बजे तक चुनाव के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के प्रकाशन, प्रसारण या किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार–प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च को इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के किसी भी प्रकार के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह दो वर्ष तक के कारावास या जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय होगा।

मतदाता जागरूकता–प्रदेश – 1

प्रदेश में मतदान की तिथि नजदीक आते ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन में भी तेजी आ गयी है। इंदौर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये नामांकन–पत्र दाखिल करने का सिलसिला 18 अप्रैल से प्रारंभ होगा। नामांकन–पत्र कलेक्टर कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी कक्ष में भरे जा सकते हैं। इंदौर में भाजपा जिला इंदौर ग्रामीण इकाई ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मजयंती पर जिले के 851 बूथों पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन चरित्र को आमजनों के समक्ष रखा। डिंडौरी में जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने बैठक में निर्वाचन कार्यों की समीक्षा करते हुए जानकारी ली और प्रगति का आकलन किया। छतरपुर जिले में होम वोटिंग शुरू की गई है। जिसके विधानसभा स्तर पर दल गठित किए गए हैं। होम वोटिंग संपन्न कराने के लिए मतदान दल प्रथम भ्रमण के दौरान मतदाता के अनुपस्थित मिलने पर दितीय भ्रमण में मतदान संपन्न कराएंगे। अनुपपुर जिले में मतदान केन्द्रों में 100 प्रतिशत मतदान मेरा अधिकार पर्व मनाया गया। इस दौरान गुब्बारे, रंगोली, दीप, पोस्टर, बैनर से मतदान केन्द्र सजाए गए। रायसेन जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा कल उदयपुरा विधानसभा के शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज समनापुर जागीर बरेली में मतदान दलों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया।

मतदाता जागरूकता–प्रदेश – 2

आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित सरदार पटेल शासकीय महाविद्यालय में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के के छात्र छात्राओं द्वारा मानव श्रंखला बनाकर मतदान की शपथ दिलाई गयी। खण्डवा संसदीय क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान के लिए कल कोया शक्ति सेवा संगठन द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी को लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

बसपा उम्मीदवार

बहुजन समाज पार्टी ने मुरैना संसदीय सीट से अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया। बसपा अब तक प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से 26 पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। बचे तीन उम्मीदवारों की घोषणा आज होने की उम्मीद है। मुरैना से बसपा ने रमेशचंद्र गर्ग को प्रत्याशी बनाया गया है। श्री गर्ग ने दो दिन पहले ही उन्होंने बसपा की सदस्यता ली थी। यहां भाजपा से शिवमंगल सिंह तोमर और कांग्रेस से सत्यपाल सिंह सिकरवार चुनाव लड़ रहे हैं।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे... और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

वैष्णो देवी तीर्थयात्रा भीड़

नवरात्रि की शुरुआत के बाद से देश भर से ढाई लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन किए। श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी के अनुसार रामनवमी तक भीड़ रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि श्राइन बोर्ड ने भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए सभी तीनों द्वार खोल दिए हैं, हर दिन चालिस हजार से पचास हजार तीर्थयात्री मंदिर में पूजा करने के लिए कटरा पहुंच रहे हैं।

जबलपुर पुस्तक मेला

जबलपुर में निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से शहीद स्मारक गोलबाजार में आयोजित प्रदेश के पहले पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेले में कल पांचवे दिन भी बच्चों और उनके अभिभावकों ने रियायती दरों पर कॉपी, किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक सामग्रियां क्रय की। जिला प्रशासन ने मेले की अवधि एक दिन और बढ़ा दी है। पुस्तक मेला आज भी लगेगा। जिला प्रशासन द्वारा मेले में अनुपयोगी पुस्तकें जमा कराने एवं जरूरतमंद बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पुस्तकें मुहैया कराने तथा एक अलग स्टॉल में बुक–बैंक स्थापित किया गया है। मेले में आने वाले विद्यार्थी भी अपनी पिछली कक्षाओं की अनुपयोगी पुस्तकें बुक बैंक में जमा कर रहे हैं। पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेले को मतदाता जागरूकता गतिविधियों से भी जोड़ा गया है।

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर आज भी जारी रहेगा। मौसम विभाग ने जबलपुर, भिंड, छिंदवाड़ा, और विदिशा समेत 12 जिलों में हल्की बारिश का अनुमान जताया है। दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। भोपाल में मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि, एक सप्ताह बाद फिर से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रीय हो सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आज भी सिस्टम का असर रहेगा, लेकिन अब यह कमजोर हो गया है। इस कारण कुछ जिलों में ही हल्की बारिश होने का अनुमान है।

इंदौर–वोटिंग ड्राइव कार रैली

इन्दौर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का सिलसिला लगातार जारी है। इस सिलसिले में द वर्ल्ड ऑफ फिटनेस ग्रुप व एमजी मोटर्स के सहयोग से इंदौर स्मार्ट सिटी द्वारा वोटिंग ड्राइव कार रैली का आयोजन किया गया। कार रैली को स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांक सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार रैली में बड़ी संख्या में शामिल प्रतिभागियों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया तथा शपथ दिलाई गई।

निशानेबाजी

ब्राजील में ओलंपिक निशानेबाजी क्वालिफिकेशन प्रतियोगिता में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत की पलक ने कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलम्पिक्स के लिए कोटा हासिल कर लिया है। भारत की ही सय्यम पांचवें स्थान पर रही। भारत ने पेरिस ओलम्पिक के लिए निशानेबाजी में अब तक कुल बीस कोटा स्थान हासिल कर लिये हैं।

आईपीएल

इंडियन प्रीमियर लीग में आज रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला सन राइजर्स हैदराबाद से होगा। वहीं कल चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 20 रन से हरा दिया। मुंबई के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने शतक लगाया लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। रोहित ने 63 बॉल पर नॉटआउट 105 रन बनाए। वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाए। मुंबई 6 विकेट के

नुकसान पर 186 रन ही बना सकी। चेन्नई के मथीश पथिराना ने 4 अहम विकेट लिए, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सतना में सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और ग्रामीण और शहर क्षेत्र के निकाय प्रमुखों को अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों, बोरवेल और ट्यूबवेल को तत्काल बंद करने के निर्देश दिये हैं।
- खरगोन जिले के गोगांवा में आज शीतला माता मंदिर में महाआरती के आयोजन में कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए निर्देश जारी किये गए हैं।
- बैतूल में महिला कलार समाज द्वारा जिला चिकित्सालय में नवरात्र और आंबेडकर जयंती पर जन्म लेने वाली 16 बेटियों को माता दुर्गा के नवरूप और बाबा साहेब आंबेडकर के चांदी के लाकेट भेंट किए गए।
- सीहोर जिले के भेरुंदा ब्लाक के ग्राम किशनपुर में एक किसान के घर घुसे तेंदुए का भोपाल वन बिहार से आई टीम ने रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित वन विहार भोपाल भेज दिया।
- मंडला जिले में कान्हा टाइगर रिजर्व से 14 और चीतल कूनो राष्ट्रीय उद्यान, श्योपुर भेजे गए।

———————————

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

### (1) एग्जिट पोल-प्रतिबंध

प्रदेश में प्रथम चरण की मतदान तिथि 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6:30 बजे तक चुनाव के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के प्रकाशन, प्रसारण या किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च को इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के किसी भी प्रकार के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह दो वर्ष तक के कारावास या जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय होगा।

### (2) मतदाता जागरूकता-प्रदेश

प्रदेश में मतदान की तिथि नजदीक आते ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन में भी तेजी आ गयी है। इंदौर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये नामांकन-पत्र दाखिल करने का सिलसिला 18 अप्रैल से प्रारंभ होगा। नामांकन-पत्र कलेक्टर कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी कक्ष में भरे जा सकते हैं। इंदौर में भाजपा जिला इंदौर ग्रामीण इकाई ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मजयंती पर जिले के 851 बूथों पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन चरित्र को आमजनों के समक्ष रखा। डिंडौरी में जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने बैठक

में निर्वाचन कार्यों की समीक्षा करते हुए जानकारी ली और प्रगति का आकलन किया। छतरपुर जिले में होम वोटिंग शुरू की गई है। जिसके विधानसभा स्तर पर दल गठित किए गए हैं। होम वोटिंग संपन्न कराने के लिए मतदान दल प्रथम भ्रमण के दौरान मतदाता के अनुपस्थित मिलने पर दितीय भ्रमण में मतदान संपन्न कराएंगे। अनुपपुर जिले में मतदान केन्द्रों में 100 प्रतिशत मतदान मेरा अधिकार पर्व मनाया गया। इस दौरान गुब्बारे, रंगोली, दीप, पोस्टर, बैनर से मतदान केन्द्र सजाए गए। रायसेन जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा कल उदयपुरा विधानसभा के शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज समनापुर जागीर बरेली में मतदान दलों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित सरदार पटेल शासकीय महाविद्यालय में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के के छात्र छात्राओं द्वारा मानव श्रंखला बनाकर मतदान की शपथ दिलाई गयी। खण्डवा संसदीय क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान के लिए कल कोया शक्ति सेवा संगठन द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी को लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

(3) बसपा उम्मीदवार- प्रदेश

बहुजन समाज पार्टी ने मुरैना संसदीय सीट से अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया। बसपा अब तक प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से 26 पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। बचे तीन उम्मीदवारों की घोषणा आज होने की उम्मीद है। मुरैना से बसपा ने रमेशचंद्र गर्ग को प्रत्याशी बनाया गया है। श्री गर्ग ने दो दिन पहले ही उन्होंने बसपा की सदस्यता ली थी। यहां भाजपा से शिवमंगल सिंह तोमर और कांग्रेस से सत्यपाल सिंह सिकरवार चुनाव लड़ रहे हैं।

(4) इंदौर-वोटिंग ड्राइव कार रैली

इन्दौर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का सिलसिला लगातार जारी है। इस सिलसिले में द वर्ल्ड ऑफ फिटनेस ग्रुप व एमजी मोटर्स के सहयोग से इंदौर स्मार्ट सिटी द्वारा वोटिंग ड्राइव कार रैली का आयोजन किया गया। कार रैली को स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांक सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार रैली में बड़ी संख्या में शामिल प्रतिभागियों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया तथा शपथ दिलाई गई।

(5) जबलपुर-पुस्तक मेला

जबलपुर में निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से शहीद स्मारक गोलबाजार में आयोजित प्रदेश के पहले पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेले में कल पांचवे दिन भी बच्चों और उनके अभिभावकों ने रियायती दरों पर कॉपी, किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक सामग्रियां क्रय की। जिला प्रशासन ने मेले की अवधि एक दिन और बढ़ा दी है। पुस्तक मेला आज भी लगेगा। जिला प्रशासन द्वारा मेले में अनुपयोगी पुस्तकें जमा कराने एवं जरूरतमंद बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पुस्तकें मुहैया कराने तथा एक अलग स्टॉल में बुक-बैंक स्थापित किया गया है। मेले में आने वाले विद्यार्थी भी अपनी पिछली कक्षाओं की अनुपयोगी पुस्तकें बुक बैंक में जमा कर रहे हैं। पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेले को मतदाता जागरूकता गतिविधियों से भी जोड़ा गया है।